तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

बालोद भूमि

रायपुर, मंगलवार 6 अक्टूबर 2026

14 बच्चों के चेहरों पर मुस्कान, हमर सुघ्घर पंडर सेवा ...



13 संजारी में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का ...



बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़

खबर संक्षेप



राज्यपाल से नमो लोढ़ा ने की सौजन्य भेंट

डौंडीलोहारा। युवा समाजसेवी नमो लोढ़ा ने छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अपने द्वारा किए जा रहे जनसेवा एवं सामाजिक कार्यों की जानकारी राज्यपाल से साझा की। नमो लोढ़ा ने राज्यपाल रमेन डेका के सरल एवं सहज व्यक्तित्व की सराहना करते हुए कहा कि वे युवाओं को आगे बढ़ने के लिए निरंतर प्रोत्साहित करते हैं। उनका मार्गदर्शन युवाओं के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि समाज के जरूरतमंद लोगों तक पहुंचकर उनकी सहायता करने और विभिन्न वर्गों के हित में कार्य करने का प्रयास वे निरंतर कर रहे हैं। सौजन्य भेंट के दौरान राज्यपाल रमेन डेका ने नमो लोढ़ा को जनसेवा के कार्यों में सक्रियता बनाए रखने तथा निरंतर आगे बढ़ते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि राज्यपाल का स्नेह, आशीर्वाद और मार्गदर्शन उन्हें जनसेवा के क्षेत्र में और अधिक सक्रिय होकर कार्य करने की प्रेरणा देता रहेगा।

मध्यान्ह भोजन रसोइयों का तीन माह का मानदेय अटका, सौंपा ज्ञापन



बालोद। छ.ग. स्कूल मध्यान भोजन रसोईया संघ द्वारा छ.ग. स्कूल मध्यान भोजन रसोईयो का 3 माह का मानदेय नही मिलने के संबंध में कलेक्टर के नाम अधिकारी को ज्ञापन सौपा है। ज्ञापन में मांग की गई है कि शासकीय प्राथमिक शाला एवं शासकीय माध्यमिक शाला में मध्यान भोजन बनाने वाले रसोईयो को विगत 3 माह से मानदेय नही मिल रहा है जिसके कारण रसोईयो की आर्थिक स्थिति खराब है यदि एक सप्ताह के भीतर मानदेय नही दिया जाता है तो छ.ग. मध्यान भोजन रसोईयां संध बालोद के समस्त रसोईयां धरने करने को बाध्य रहेंगे।

आज सरयूप्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में योग-ध्यान और खेल गतिविधियां

बालोद। सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत जिला प्रशासन, आयुष विभाग एवं खेल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कल 06 अक्टूबर को स्थानीय सरयूप्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में एक दिवसीय जिला स्तरीय योग, ध्यान सत्र एवं भव्य खेल गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। यह गरिमामय कार्यक्रम प्रातः 07 से 08 बजे तक आयोजित होगा। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार और अनुमोदन से जिला प्रशासन ने कार्यक्रम के सफल एवं सुचारू संचालन हेतु विभिन्न विभागीय अधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी हैं। इसके अंतर्गत पुलिस विभाग, बालोद द्वारा कार्यक्रम स्थल, मुख्य अतिथियों की सुरक्षा, यातायात नियंत्रण एवं पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। नगर पालिका अधिकारी और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा पूरे स्टेडियम, पार्किंग तथा पहुंच मार्ग की साफ-सफाई और पानी टैंकर व शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की जाएगी। विद्युत विभाग द्वारा निर्बाध बिजली व जनरेटर तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिकित्सा दल तैनात रहेगा। शिक्षा विभाग एवं जिला खेल अधिकारी द्वारा विद्यार्थियों व पी.टी.आई. की उपस्थिति में खेल गतिविधियों का शेष पेज 12 पर

किसान की तीन एकड़ धान फसल बर्बाद, बालियां निकलीं पर दाने का नहीं हुआ भराव, मुआवजे की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद/सिकोसा

ग्राम मटिया (ह) के किसान के तीन एकड़ की फसल बर्बाद हो गई। बीज व दवाई से फसल खराब होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। सिकोसा ग्राम मटिया (ह) में एक किसान की लगभग 3 एकड़ की धान की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई है।

धान से बालियां तो निकल आई है लेकिन बालियों में दाने का भराव नहीं हो पाया है। किसान की माने तो यह रोग उनके समझ में नहीं है, लेकिन किसान आशंका व्यक्त कर रहा है कि यह बीज व दवाई के कारण संभव है। अज्ञात कारण से फसल की स्थिति देख किसान ने शासन से मुआवजे की मांग की है। ग्राम मटिया के किसान अशोक यादव

बीज व दवाई पर किसान ने जताई आशंका, कृषि विभाग ने बताया बैक्टीरियल लीफ ब्लास्ट का प्रकोप



बीमारी से फसल हुई क्षतिग्रस्त



यह बीमारी केवल ढाई से तीन एकड़ की फसल में हीं चारों तरफ की फसल ठीक है। परेशान किसान ने कहा कि अज्ञात कारणों से इस तरह की बीमारी से फसल पूरी तरह क्षति हो गई है। अतः उन्हें मुआवजा प्रदान की जाए। इस संबंध में कृषि केन्द्र बेलौदी के संचालक भीषम लाल साहू ने बताया कि उक्त किसान के खेत में बैक्टीरियल लीफ ब्लास्ट बीएकबी का प्रकोप है जिसकी वजह से फसल की यह स्थिति हुई है। बीज व दवाई में किसी प्रकार की कोई शिकायत नहीं है। क्षेत्र में अन्य कई किसान इसी बीज का उपयोग किए हैं और दवाई भी यही उपयोग कर रहे हैं उन्हें कोई भी शिकायत नहीं है।

अपने खेतों में करगा से बहुत परेशान था। उन्होंने बताया कि बिलौदी के सार्वा कृषि केंद्र से बीज लेकर उन्होंने चार एकड़ में उक्त फसल लिया है। कृषि केंद्र के मुताबिक ही दवाई का छिड़काव कर रहे हैं। जो- जो उपचार वे बताते हैं उसके आधार पर शुरू से अंत तक प्रयोग कर रहे हैं, इसके बावजूद भी धान की फसल में कोई सुधार नहीं हो रहा है। फसल पूरी तरह से खराब हो गई है।

किसान ने बताया कि शिकायत करने पर दुकान संचालक भी आए थे, साथ में कृषि विभाग के अधिकारी भी आए थे, सब देख कर गए हैं, लेकिन इसका कोई उपचार नहीं हो पा रहा है। अधिकारियों ने व कृषि दुकान के संचालक ने इसे बीएलबी बीमारी बताया है।

पुलिस ने शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा, दुर्घटना के कारणों की जांच जारी

सड़क किनारे खड़े ट्रक से बाइक टकराई पिता-पुत्र की मौत, 8 वर्षीय बेटा गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

मोहारा से श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहा था परिवार, अरमरीकला के पास हुआ हादसा



सनौद थाना क्षेत्र में रविवार देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में पिता और उनके 12 वर्षीय बेटे की मौत हो गई, जबकि 8 वर्षीय छोटा बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा गुंडरदेही-धमतरी मुख्य मार्ग पर सड़क किनारे खड़े ट्रक से मोटरसाइकिल टकराने के कारण हुआ। घायल बच्चे का अस्पताल में उपचार जारी है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कजराबांधा निवासी डागेश्वर साहू 34 वर्ष अपने दोनों बेटों के साथ ग्राम मोहारा में आयोजित सामाजिक पितृ श्राद्ध मिलन कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद देर शाम तीनों मोटरसाइकिल से अपने गांव कजराबांधा लौट रहे थे। इसी दौरान सनौद थाना क्षेत्र के अरमरीकला गांव के पास पेट्रोल पंप के समीप सड़क किनारे खड़े ट्रक से उनकी मोटरसाइकिल की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि मोटरसाइकिल सवार डागेश्वर साहू और उनके 12 वर्षीय बेटे की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं 8 वर्षीय छोटा बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। आस पास मौजूद लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी और घायल बच्चे को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।घटना की सूचना मिलते ही सनौद थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों मृतकों के शवों का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। दुर्घटनाग्रस्त मोटरसाइकिल और सड़क किनारे खड़े ट्रक को लेकर पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

हादसे के वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है। एक ही परिवार में पिता और 12 वर्षीय बेटे की मौत तथा छोटे बेटे के गंभीर रूप से घायल होने की खबर से कजराबांधा गांव में शोक का माहौल है। हादसे ने परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। वही पुलिस जांच में जुटी है पुलिस जांच के बाद ही हादसे के कारण का खुलासा हो पाएगा।

कलेक्टर जनदर्शन में लोगों ने रखीं समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आज आयोजित कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न स्थानों से अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु पहुँचे आम नागरिकों के लिए राहत भरा साबित हुआ।

■ कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निराकरण के निर्देश

इस दौरान कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिले के विभिन्न स्थानों से पहुँचे लोगों से मधुर एवं आत्मीय बातचीत कर उनकी मांगों एवं समस्याओं की जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर आवेदकों के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। जनदर्शन में बालोद विकासखण्ड के ग्राम सोंहपुर के तुकाराम ने ऋण पुस्तिका दुरूस्त कराने, गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम पैरी के कुमुदकांत ने स्थायी जाति प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किए। इसी तरह ग्राम लोण्डी के कचरा बाई ने आबादी भूमि का पट्टा दिलाने एवं ग्राम धनगांव के सरपंच ने विद्युत पोल लगाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किए।

सर्वधर्म प्रार्थना सभा में शामिल होने बालोद से स्काउट-गाइड दल रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

भारत स्काउट एवं गाइड छग द्वारा आयोजित सर्वधर्म प्रार्थना सभा में शामिल होने के लिए बालोद जिले के स्काउट एवं गाइड दल को सोमवार को सरदार पटेल मैदान बालोद से रवाना किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा पदाधिकारियों ने स्काउट-गाइड दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, स्काउट गाइड के जिला मुख्य आयुक्त राकेश यादव, छग राज्य लघु वनोपज संघ के उपाध्यक्ष यज्ञ शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू, कृष्णकांत पवार, शहीद खान,जिला स्काउट गाइड के डीओसी चंद्राकर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर अतिथियों ने स्काउट एवं गाइड के विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सर्वधर्म प्रार्थना सभा का उद्देश्य समाज में आपसी भाईचारा, सद्भाव, अनुशासन और एकता की भावना को मजबूत करना है।

■ सरदार पटेल मैदान से जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

स्काउट-गाइड संगठन बच्चों एवं युवाओं में सेवा, सहयोग और राष्ट्रप्रेम की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बालोद जिले से रवाना हुए स्काउट एवं गाइड दल के सदस्यों में आयोजन को लेकर उत्साह नजर आया। उपस्थित अतिथियों एवं पदाधिकारियों ने सभी प्रतिभागियों के सफल एवं सुरक्षित यात्रा की कामना की।

एसिड अटैक की घटना को लेकर कांग्रेस की बैठक आज, आगे की कार्रवाई पर होगा मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

शहर में सोमवार को सामने आई एसिड अटैक की घटना को लेकर शहर कांग्रेस कमेटी बालोद ने 6 अक्टूबर मंगलवार को महत्वपूर्ण बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया है। बैठक में घटना के बाद सामने आने वाले घटनाक्रम और मामले से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की जाएगी। शहर कांग्रेस कमेटी की ओर से जारी सूचना के अनुसार 6 अक्टूबर मंगलवार को सुबह 11 बजे राजीव भवन, बालोद में बैठक आयोजित होगी। इसमें जिले के वरिष्ठ कांग्रेसजन सहित पार्टी के पदाधिकारी और कांग्रेसजन उपस्थित रहेंगे। बताया गया है कि बैठक में एसिड अटैक की घटना के बाद मंगलवार तक सामने आने वाले घटनाक्रम को ध्यान में रखते हुए चर्चा की जाएगी। बैठक में चर्चा के बाद आगे की उचित कार्रवाई को लेकर निर्णय लिया जाएगा। शहर कांग्रेस कमेटी ने सभी कांग्रेसजनों से बैठक में उपस्थित होने की अपील की है। यह बैठक जिला कांग्रेस कमेटी बालोद के निर्देशानुसार आयोजित की जा रही है।

25.57 लाख के विकास कार्यों का जिपं अध्यक्ष ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद



ग्राम पंचायत मटिया (ह) में रविवार को विभिन्न विकास कार्योंके भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत बालोद की अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर रहीं। इस दौरान गांव में कुल 25.57 लाख की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्योंका भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्र योजना अंतर्गत 5.20 लाख की लागत से सी.सी. रोड निर्माण तथा 5 लाख की लागत से पुलिया निर्माण का भूमिपूजन किया गया। वहीं वीबीजीरामजी योजना अंतर्गत 6 लाख की लागत से सामुदायिक फर्श निर्माण एवं 9.37 लाख की लागत से सामुदायिक चबूतरा निर्माण का कार्य शामिल है। इस प्रकार कुल 25.57 लाख के विकास कार्योंकी सौगात ग्रामवासियों को मिली।

■ ग्रामीणों को मिली विकास कार्यों की सौगात

मुख्य अतिथि तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर ने कहा कि गांवों में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार और विकास कार्योंको प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि सड़क, पुलिया एवं सामुदायिक सुविधाओं से जुड़े कार्योंसे ग्रामीणों को सीधे लाभ मिलेगा। उन्होंने संबंधित लोगों से विकास कार्यों को गुणवक्तापूर्ण एवं निर्धारित समयावधि में पूरा कराने की बात कही। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कचरु साहू, जनपद सदस्य अश्वनी कटहरे, जिला महामंत्री भोजराज साहू, सरपंच दशमत महेन्द्र रात्रे, उपसरपंच खेमराज सिन्हा, सेक्टर प्रभारी अमृतानंद सिन्हा, बूथ अध्यक्ष देवशरण यादव, ग्रामीण अध्यक्ष पुनीत साहू, सरपंच हल्दी धनेश ठाकुर सहित जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन ▶▶ शेष पेज 12 पर

जनप्रतिनिधियों ने कहा- विकास पहली प्राथमिकता, पंचायत की पहल की सभी ने सराहना की

सौहार्द्र की मिसाल: एक ही मंच पर कांग्रेस व भाजपा नेताओं ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद/सिकोसा

ग्राम पंचायत मटिया ह में एक ही समय, एक ही मंच पर कांग्रेस व बीजेपी को बुलाकर अलग-अलग कार्यों का भूमि पूजन कर इतिहास रचा गया।

■ खर्च और समय बचाने पंचायत ने अपनाया अनूठा तरीका

राजनीतिक सौहार्द्र का अनूठा उदाहरण, अलग-अलग कार्ड छापने के बाद भी नेता पहुंचे और भूमिपूजन किया। नेताओं का कहना है कि गांव व क्षेत्र का विकास पहली प्राथमिकता है, दोनों के लिए अलग-अलग कार्ड, अतिथि भी अलग-अलग, भूमिपूजन भी अलग-अलग कार्यों का बावजूद मंच सोझा किए।

ग्राम पंचायत मटिया (ह) में भूमिपूजन कार्यों में ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों ने कांग्रेस और भाजपा दोनों को एक ही एक मंच पर लाकर राजनीतिकद्र का अनूठा उदाहरण पेश किया है। क्योंकि अलग-अलग कार्य, अलग-अलग जनप्रतिनिधियों द्वारा स्वीकृत कराए गए थे, इसलिए दो बार अलग-अलग भूमि पूजन ना कर, एक साथ भूमि पूजन करने की पंचायत की इस पहल की सर्वत्र चर्चा है।

ग्राम पंचायत मटिया (ह) में 4 अक्टूबर को विभिन्न कार्यों का भूमि पूजन किया गया। इसमें एक ही दिन, एक ही समय और एक ही मंच पर भाजपा और कांग्रेस के नेताओं को आमंत्रित किया गया था। खास बात यह है कि भाजपा के नेताओं को अलग कार्यों का और कांग्रेस के नेताओं को अलग कार्यों का भूमि पूजन करना था। अतिथियों के नाम सहित दो अलग अलग कार्ड छपवाए गए थे। एक कार्ड में भाजपा के नेताओं को व दूसरे कार्ड में कांग्रेस के नेताओं को अतिथि बनाया गया था। दो अलग-अलग कार्ड को देखकर लोगों में



चर्चा का विषय बना हुआ था। लेकिन आयोजन के बाद यह साफ हो गया कि पंचायत के कार्यक्रम में चाहे कार्य कोई भी स्वीकृत कराए एक मंच पर सभी नेताओं को बुलाकर भूमि पूजन कराना चाहिए।



नेताओं का यह है कहना है कार्यक्रम में पहुंची जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने इस विषय में कहा कि जनप्रतिनिधियों की सबसे पहली प्राथमिकता गांव व क्षेत्र का विकास है, भूमि पूजन तो सिर्फ एक औपचारिकता है, कार्यक्रम में कौन-कौन अतिथि हैं इससे फर्क नहीं पड़ता, मुझे बुलाया गया, मैं पहुंची और मुझे पूरा-पूरा सम्मान मिला।

जिला पंचायत के पूर्व सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर का कहना था कि अलग-अलग कार्ड की जानकारी थी, मुझे भी कार्यक्रम में बुलाया गया था, आमंत्रण को स्वीकार कर कार्यक्रम में शामिल हुआ। वैसे देखा जाए तो यह एक अच्छी पहल है। विधायक कुंवर सिंह निषाद के प्रतिनिधि के रूप में पहुंचे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुण्डरदेही के अध्यक्ष कचरू राम साहू ने कहा कि कांग्रेस का ध्यान गांव के विकास की ओर रहता है, पंचायत की मांग पर विधायक ने कार्यों की स्वीकृति कराई उसका भूमि पूजन के लिए हमें आमंत्रित किया गया, हम आए और भूमि पूजन किए हैं, इसमें किसी तरह की राजनीति वाली बात नहीं है। पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष व वरिष्ठ कांग्रेस नेता भोजराम साहू का कहना था कि अलग-अलग कार्डो की जानकारी थी, लेकिन हमारे नेता का कहना था कि पंचायत से जुड़े विकास का मामला है, पंचायत ने जो व्यवस्था करी है उस पर हमें रहना है। यदि विधायक यहां रहते तो वे भी इस कार्यक्रम में जरूर शामिल होते। सरपंच दशमत रात्रे, उपसरपंच खेमराज सिंहा तथा सरपंच पति महेंद्र रात्रे ने बताया कि ग्राम पंचायत में अलग-अलग कार्यों की स्वीकृति अलग-अलग माध्यम से हुई है। अलग-अलग कार्यक्रम करने से खर्च भी ज्यादा आता और परेशानी भी ज्यादा होती। इसीलिए कार्यों की स्वीकृति के आधार अलग-अलग अतिथि बनाए गए थे।

लगभग सभी अतिथि पहुंचे भी। सभी को एक साथ एक ही मंच पर स्वागत कर हमें अलग अनुभूति का आनंद हुआ। इस पर किसी ने कोई आपत्ति भी नहीं की। कार्यक्रम में समाज सेवी ग्राम सिर्राभांठा राजेश कुमार सिन्हा, जिला संगठन महामंत्री बालोद भोजराज साहू, वरिष्ठ कवि, सेवानिवृत शिक्षक मटिया ह शिव कुमार अंगारे, सेवानिवृत प्राधिकृत अधिकारी तुलसीराम क्रांत, रूपचंद जैन उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

जन्म दिन की पार्टी मनाने जा रहे तीन युवकों की हादसे में मौत

भिलाई। तीन दोस्त जन्म दिन मनाने गए 5 युवको की कार हादसे का शिकार हो गई। घटना राजनांदगांव की है। घटना में मौत होने वाले तीन भिलाई शहर के रहने वाले है। सोमनी पुलिस ने बताया कि शनिवार देर रात भिलाई निवासी ठेकेदार अभिषेक सिंह ठाकुर, तोषण तिवारी,प्रशांत दास की कार टेडेसरा बस्ती के पास नेशनल हाईवे पर पुलिया से टकरा गई। हादसे में ठेकेदार समेत 3 लोगों की मौत हो गई। दो अन्य घायलों का अस्पताल का उपचार अस्पताल में जारी है। हादसा इतना भीषण था कि कार के परखच्चे उड़ गए। सभी युवक भिलाई से राजनांदगांव ढाबे में जा रहे थे अभिषेक सिंह दुर्ग में इलेक्ट्रिकल एंड सिविल गवर्नमेंट कॉन्ट्रैक्टर के तौर पर छत्तीसगढ़ शासन के लिए काम करता था। 3 अक्टूबर को उसका जन्मदिन था। सभी दोस्त जन्म दिन मनाने के लिए कार भिलाई से राजनांदगांव की ओर ढाबे जा रही थी। तभी यह हादसा हुआ। हादसे में ठेकेदार अभिषेक सिंह ठाकुर, तोषण तिवारी की मौके पर ही मौत हो गई।
हीं गंभीर रूप से घायल प्रशांत दास का उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव में रविवार को उसकी मौत हो गई।

निधन

कामराज जामुरिया

डौंडीलोहारा। जनपद पंचायत डौंडीलोहारा के सहायक करारोपण



अधिकारी एवं देवरीबंगला के निवासी कामराज जामुरिया उम्र 57 वर्ष का निधन सोमवार को सुबह हो गया। उनकी अंत्येष्टि स्थानीय मुक्तिधाम में की गई। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामवासी, परिवारजन व जनपद स्टाफ के सदस्य मौजूद थे। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे।

पेज 9 के शेष

25.57 लाख के ...

उपस्थित रहे। इसके अलावा कौशल प्रसाद सार्वा, दीपक राजपूत, सोहन लाल यादव, खिलावन निर्मलकर, गौतम साहू, रामखिलावन साहू, प्रेम टंडन, लेखराम, राकेश डहरे, नेमीचंद डहरे, शकुन बाई, बिन्दु बाई, रागिनी डहरे, पुष्पा साहू, दीप्ति धनकर, खोरबाहरिन, भेष बाई, देहुती बाई, शंकर निर्मलकर, डॉ. राजेन्द्र सार्वा, अनिल डहरे, आजू राम यादव, हिरामन देवांगन, कन्हैया साहू, सरेखा सरपंच, एवन साहू एवं सचिव सेन जी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। 25.57 लाख के विकास कार्यों की सौगात मिलने पर ग्रामीणों ने खुशी जताते हुए मुख्य अतिथि एवं जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

आज सरयूप्रसाद ...

संचालन किया जाएगा। समाज कल्याण विभाग द्वारा कार्यक्रम के दौरान नशामुक्त भारत अभियान की शपथ दिलाई जाएगी एवं इसका व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाएगा। इसी तरह मंच संचालन व कवरेज का कार्य जिला जनसंपर्क विभाग द्वारा मीडिया प्रचार–प्रसार किया जाएगा और शिक्षा विभाग के शिक्षकों/प्राचार्यों द्वारा मंच संचालन एवं उद्घोषण की जिम्मेदारी संभाली जाएगी। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों, युवाओं और विद्यार्थियों से इस योग एवं ध्यान सत्र में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेने तथा स्वास्थ्यप्रद जीवनशैली अपनाने की अपील की है।

समस्या

करोड़ों की पानी टंकी और जल जीवन मिशन के नल बने शोपीस, कम प्रेशर से घरों तक नहीं पहुंच रहा पानी

खुरसुल में पानी की बूंद-बूंद को तरसे ग्रामीण गड्ढा खोदकर पानी भरने मजबूर हैं महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम



गांव खुरसुल पानी की बूंद–बूंद को मोहताज हो गई है। जहां ग्रामीणों का दिन पानी जुटाने में बीत रहा है, ग्राम में बनी करोड़ों की पानी टंकी और जल जीवन मिशन की नल

- वार्ड-1 में सबसे ज्यादा परेशानी, पंचायत से कई बार शिकायत के बाद भी समस्या जस की तस

शोपीस बन गई है, गड्ढा खोदकर महिलाएं पानी भरने को मजबूर है।

विकासखंड गुण्डरदेही का ग्राम खुरसुल जिला मुख्यालय की सीमा से दूर होने का दंश झेल रहा है। गांव में पेयजल व्यवस्था की जमीनी हकीकत सरकारी दावों की पोल खोल रही है। करोड़ों की लागत से बनी पानी टंकी और घर–घर पहुंचाए गए जल जीवन मिशन के नलों से पानी की जगह हवा निकलने से ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। ऐसे में सुशासन और हर घर नल–जल के दावे ग्रामीणों को महज कागजी नजर आ रहे हैं।

ग्राम के सत्य प्रकाश साहू ने कहा कि खुरसुल में जल जीवन मिशन में सात गांव को पानी सप्लाई हो रही है, जबकि खुरसुल वाटर प्लांट सिस्टम से महज दो किमी दूर है अन्य गांव काफी दूर होने के बावजूद नल जल को नहीं जोड़ने से पानी की समस्या है।

वार्ड क्रमांक 01 में सबसे ज्यादा परेशानी पानी के लिए ग्रामीण महिलाओं को सुबह से ही जद्दोजहद करनी पड़ रही है। सड़क किनारे लगे नल में बेहद कम प्रेशर होने के कारण महिलाओं ने करीब दो फीट गड्ढा खोदकर छोटे बर्तनों से रिसता पानी भरने का सहारा लिया है। पेयजल के लिए ग्रामीणों को किस तरह मजबूरी झेलनी पड़ रही है। ग्रामीण महिलाओं का कहना है कि उन्होंने कई बार ग्राम पंचायत खुरसुल के सरपंच उत्तम कुमार साहू से पेयजल व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों का सवाल है कि जब पानी टंकी और नल कनेक्शन मौजूद हैं, तो आखिर पानी की एक–एक बूंद के लिए उन्हें गड्ढे क्यों खोदने पड़ रहे हैं। वार्ड क्रमांक 1 पंच शारदा जांगड़े ने कहा कि कई बार ग्राम पंचायत में इस समस्या को बताया, फिर बरसात में गंदे पानी भरे होने के बावजूद पाइप से बर्तन में पानी भरते हैं। वही मीनाक्षी जांगड़े, चम्पा बाई, कली बंजारे, सुमन बंजारे सभी ने कहा कि व्यवस्था सुधार करें। ग्राम पंचायत खुरसुल सरपंच उत्तम साहू ने बताया कि कई बार मांग कर चुके हैं।

सप्ताहभर से फूटी पेयजल पाइपलाइन, हजारों लीटर पानी बर्बाद

दल्लीराजहरा। नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा के वार्ड क्रमांक 15 में शहीद अस्पताल ओपीडी के सामने मुख्य पेयजलापूर्ति पाइपलाइन फूटने से पिछले एक सप्ताह से हजारों लीटर पानी लगातार बर्बाद हो रहा है। पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के बाद भी अब तक मरम्मत नहीं होने से वार्डवासियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।बताया गया कि पाइपलाइन फूटने की सूचना पार्षद तरुण साहू द्वारा नगर पालिका के कर्मचारियों को दी गई थी। इसके बाद कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर गड्ढा तो खोद दिया, लेकिन पाइपलाइन की मरम्मत का काम अधूरा छोड़ दिया गया। इसके चलते समस्या जस की तस बनी हुई है।

फूटी पाइपलाइन से गंदा पानी घरों तक पहुंचने का आरोप: वार्डवासियों का कहना है कि पाइपलाइन फूटने के बाद सड़क किनारे खोदे गए गड्ढे में गंदा पानी जमा हो रहा है। यही गंदा पानी क्षतिग्रस्त पाइपलाइन के भीतर प्रवेश कर पेयजल आपूर्ति के दौरान घरों तक पहुंचने की आशंका बनी हुई है। इससे लोगों को दूषित पानी पीने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है और बीमारी फैलने का खतरा भी बढ़ गया है।

एक ओर जहां शहर में पेयजल की उपलब्धता को लेकर लोगों को परेशानियों का



सामना करना पड़ता है, वहीं दूसरी ओर मुख्य पाइपलाइन से लगातार हजारों लीटर पानी बहकर बर्बाद हो रहा है। इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग द्वारा मरम्मत में देरी किए जाने से नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।

अस्पताल मार्ग पर खुला गड्ढा हादसे का खतरा

पाइपलाइन की मरम्मत के नाम पर खोदा गया गड्ढा भी अब राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बन गया है। यह मार्ग शहीद अस्पताल ओपीडी की ओर जाता है, जहां प्रतिदिन सैकड़ों लोगों का आना-जाना रहता है। ऐसे व्यस्त मार्ग पर गड्ढे को खुला छोड़ दिए जाने से कभी भी दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है।

पार्षद ने जताई नाराजगी

पार्षद तरुण साहू ने बताया कि पाइपलाइन फूटने की जानकारी नगर पालिका कर्मचारियों को लगभग एक सप्ताह पहले ही दे दी गई थी। इसके बाद मौके पर गड्ढा खोदा गया, लेकिन अभी तक पाइपलाइन की मरम्मत नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि समस्या के कारण वार्डवासियों को परेशानी उठानी पड़ रही है और पेयजल की बर्बादी भी हो रही है। वार्डवासियों ने नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की तत्काल मरम्मत कराई जाए, गड्ढे को सुरक्षित तरीके से बंद किया जाए तथा पेयजल आपूर्ति में गंदा पानी पहुंचने की समस्या की जांच कराकर लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाए। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बक्शी ने कहा कि वार्ड क्रमांक 15 में पेयजल पाइप लाइन फूटने की जानकारी संज्ञान में आई है। संबंधित कर्मचारियों को मौके का निरीक्षण कर पाइप लाइन की मरम्मत एवं पेयजल आपूर्ति सुचारु करने के निर्देश दिए गए हैं। पाइप लाइन की स्थिति की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी, ताकि नागरिकों को परेशानी न हो। नगर पालिका अध्यक्ष तोरण साहू ने कहा कि वार्डवासियों को स्वच्छ एवं नियमित पेयजल उपलब्ध कराना नगर पालिका की प्राथमिकता है। पाइप लाइन फूटने से पानी की बर्बादी और नागरिकों को हो रही परेशानी को गंभीरता से लिया गया है। संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई कर समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं।

सियनमरा में तीन दिनी रामधुनी प्रतियोगिता का समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम सियनमरा में आयोजित तीन दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता का भव्य एवं भक्तिमय वातावरण में समापन हुआ। समापन समारोह में जिला पंचायत बालोद की अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। इस दौरान रामधुनी मंडलियों की भक्तिमय प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

मुख्य अतिथि तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर ने कहा कि रामधुनी एवं धार्मिक–सांस्कृतिक आयोजन हमारी समृद्ध परंपरा और संस्कारों को जीवंत बनाए रखने का कार्य करते हैं। ऐसे आयोजनों से समाज में आपसी भाईचारा, एकता और सद्भावना को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। समारोह में मंजू महिलांगे, सरपंच सियनमरा; कुमुदिनी साहू, सरपंच भूसरेंगा; सुनाऊ राम साहू, सरपंच सतमरा; नोहर सिंह साहू, सोसाइटी प्राधिकृत अध्यक्ष बेलौदी; भोजराम साहू, सोसाइटी प्राधिकृत अध्यक्ष सतमरा; अशीष साहू, महामंत्री सिकोसा मंडल; डोमार साहू, उपसरपंच; द्वारिका प्रसाद साहू, पूर्व अध्यक्ष साहू समाज; कवल सिंह साहू, ग्रामीण अध्यक्ष; रामदुलारी साहू, परिक्षेत्रीय उपाध्यक्ष साहू समाज; कुंज लाल साहू, ग्रामीण उपाध्यक्ष; उत्तम कलियारी, अध्यक्ष आयोजक समिति सहित जनप्रतिनिधि, सामाजिक पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन चुम्मन सिन्हा ने उद्घोषक के रूप में किया।

तीन दिनों तक चली रामधुनी प्रतियोगिता में विभिन्न मंडलियों ने भगवान श्रीराम की भक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियां दीं। समापन अवसर पर आयोजन समिति ने सभी अतिथियों, रामधुनी मंडलियों एवं ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया।

कनेरी में त्रिदिवसीय संगीतमय रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



ग्राम कनेरी में त्रि दिवसीय संगीतमय रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन 04 अक्टूबर से 06 अक्टूबर तक बाजार चौक कनेरी में आयोजन जारी है। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर सुनीता संजय साहू थी तथा अध्यक्षता सरपंच ग्राम पंचायत कनेरी दिनेश्वरी पन्नालाल सिन्हा ने किया। साथ ही पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा बालोद आदित्य पीपरे व सदस्य जनपद पंचायत गुरूर संतोशी होरी ला साहू उपस्थित थे।

कार्यक्रम में सरपंच ग्राम पंचायत कुलिया धर्मेन्द्र साहू, सरपंच ग्राम पंचायत भेजा मैदानी रूद्राणी, पर्वू सरपंच ग्राम पंचायत भेजा मैदानी रेणुका इन्द्रसेन गजेन्द्र, ग्राम पटेल रामई"वर पटेल, अध्यक्ष ग्राम विकास समिति हेमलाल उइके, उपसरपंच ग्राम पंचायत कनेरी देवमन पटेल, अध्यक्ष मां कंकालीन मैया मंदिर समिति कनेरी जनार्दन सिन्हा, पंच गाम पंचायत भेजा मैदानी रामकुमार नेताम, ग्रामीण सचिव भूशण नार्वे, ग्रामीण कोशाध्यक्ष संतोश ठाकुर, वरिष्ठ समाज सेवी टेमेश्वर साहू, पंच ग्राम पंचायत कनेरी जयश्री सिन्हा, मंगेश्वरी ठाकुर, सावित्री साहू, हेमीन निर्मलकर साहू, ज्योति साहू, चंद्रकुमारी सिन्हा, रीतु मंडावी, भगवती नेताम, गैंदी बाई, अन्नापूर्णा डहरे उपस्थित होंगे।

जनदर्शन में श्रवण बाधित बुजुर्गों को मौके पर मिले श्रवण यंत्र



हरिभूमि न्यूज:बालोद

आम नागरिकों, दिव्यांगजनों एवं बुजुर्गों की समस्याओं के त्वरित व संवेदनशील निराकरण की दिशा में जिला प्रशासन निरंतर प्रयासरत है। इसी कड़ी में आज संयुक्त जिला कार्यालय में आयोजित जनदर्शन के दौरान कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने श्रवण बाधिता से जूझ रहे

- कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने दिखाई संवेदनशीलता

जरूरतमंद बुजुर्गोंर् को समाज कल्याण विभाग के माध्यम से मौके पर ही त्वरित रूप से श्रवण यंत्र प्रदान किया।

कलेक्टर मिश्रा के समक्ष पहुंचे श्रवण बाधित बुजुर्गोंर् की समस्या को गंभीरता से लेते हुए समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर के हाथों श्रवण यंत्र प्राप्त होते ही उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। ज्ञातव्य हो किजनदर्शन में आज समाज कल्याण विभाग द्वारा ग्राम कांदुल के श्री दुखूराम साहू, ग्राम गुजरा के रोशन कुमार एवं ग्राम पैरी के महानंद पटेल को श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। श्रवण यंत्र प्राप्त करने वाले बुजुगोंर् एवं उनके परिजनों ने जिला प्रशासन की इस त्वरित एवं मानवीय पहल के लिए कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा और समाज कल्याण विभाग के प्रति हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया।

राज्यस्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का समापन, 200 से अधिक पहलवानों ने दिखाया दमखम





बालोद। जय बजरंग अखाड़ा व्यायाम शाला बालोद के तत्वावधान में 2 अक्टूबर को शहर के हृदय स्थल सरदार वल्लभभाई पटेल हाइस्कूल मैदान में आयोजित राज्यस्तरीय एकदिवसीय कुश्ती प्रतियोगिता का समापन हुआ। जिसमे पुरस्कार वितरण कर प्रतिभागियो के मेहनत व लगन की सराहना की गई। राज्य भर के अनेक जिलों बस्तर, कांकेर, धमतरी, बिलासपुर, रायपुर, रायगढ़, दुर्ग सहित पधारे 200 से अधिक पहलवानों के महा दंगल का महासंग्राम, अखाड़े के टीम वर्क और जिला प्रशासन, अन्य विभागों, समाजसेवी संस्थाओं, व्यापारियों, नगरवासियों, खेल प्रेमियों, मीडिया के एवं नगर के जनप्रतिनिधियों ने आयोजन को सफल बनाने भरपूर सहयोग।

डौंडी लोहारा-राजनांदगांव मार्ग पर खैरीडीह पुल के पास जानलेवा स्थिति, दो घायल राजनांदगांव रेफर

गड्ढे का कहर, एक घंटे में तीन हादसे; छह घायल, पीडब्ल्यूडी की लापरवाही उजागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा







डौंडी लोहारा–राजनांदगांव मुख्य मार्ग पर खैरीडीह पुल के पास सड़क के बीच बना करीब छह फीट लंबा गड्ढा सोमवार रात हादसों का कारण

- स्टॉपर हटने के बाद बढ़ा खतरा, पीडब्ल्यूडी से तत्काल मरम्मत और सुरक्षा इंतजाम की मांग

बन गया। महज एक घंटे के भीतर एक ही स्थान पर तीन अलग-अलग सड़क हादसे हुए, जिनमें छह लोग घायल हो गए। इनमें दो घायलों की स्थिति गंभीर होने पर उन्हें राजनांदगांव रेफर किया गया। लगातार हादसों के बाद सड़क की देखरेख करने वाले लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की कार्यप्रणाली और लापरवाही को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। बताया गया कि बारिश के दौरान सड़क पर बने गड्ढे के कारण यहां स्टॉपर लगाया गया था, ताकि वाहन चालक सावधानी से निकल सकें। स्थानीय लोगों के अनुसार रविवार को ही स्टॉपर को वहां से हटा दिया गया। इसके बाद सोमवार रात गड्ढा फिर से वाहन चालकों के लिए बड़ा खतरा बन गया। हालांकि स्टॉपर किसके निर्देश पर हटाया गया, इसकी स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है।

समय सामने से आने वाले वाहनों की तेज रोशनी के कारण सड़क के बीच बना गड्ढा वाहन चालकों को दिखाई नहीं दे रहा था। इसी वजह से एक के बाद एक बाइक सवार इसकी चपेट में आते गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि विभाग द्वारा समय रहते गड्ढे की मरम्मत कर दी जाती या पर्याप्त चेतावनी संकेत व बैरिकेडिंग की व्यवस्था रखी जाती तो इन हादसों को टाला जा सकता था।

बेटी को देखने जा रहे थे, गड्ढे में गिरी बाइक

पहला हादसा सोमवार शाम करीब 7:15 बजे हुआ। अण्डी निवासी बिरसिंह साहू (45) खैरीडीह पुल के पास सामने से आ रहे वाहन की तेज रोशनी के कारण उन्हें सड़क पर बना गड्ढा दिखाई नहीं दिया और बाइक सीधे गड्ढे में जा गिरी। लालतू राम साहू को गंभीर चोट आने पर राजनांदगांव रेफर किया गया। दूसरी घटना करीब 7:30 बजे हुई। ठेमाबुजुर्ग, डौंडी निवासी कुणाल चुरेंद्र गांव लौट रहे थे। इसी दौरान उनकी बाइक भी उसी गड्ढे में जा गिरी। सूचना मिलने पर डायल 112 की मदद से घायलों को डौंडी लोहारा अस्पताल पहुंचाया गया। तीसरी घटना भी इसी दौरान हुई। महेश निषाद और सोनू साहू राजनांदगांव से अपने गांव लौट रहे थे। उनकी बाइक भी उसी में जा गिरी। दोनों को चोटें आईं।

112 टीम ने पहुंचाया अस्पताल

लगातार हुए हादसों के बाद डायल 112 के आरक्षक कुलदीप खूंटे और चालक सोनी ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। एक ही स्थान पर लगातार तीन हादसों के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है।

विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल, तत्काल मरम्मत की मांग

स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क के बीच इतना बड़ा गड्ढा लंबे समय से बना हुआ है। बारिश के दौरान यहां स्टॉपर लगाया गया था, लेकिन उसके हटने के बाद सुरक्षा व्यवस्था और भी कमजोर हो गई। सवाल यह है कि जब विभाग को गड्ढे की जानकारी थी, तो अब तक स्थायी मरम्मत क्यों नहीं कराई गई? यदि मरम्मत में समय लग रहा था तो पर्याप्त बैरिकेडिंग, चेतावनी बोर्ड और रिफ्लेक्टर की व्यवस्था क्यों नहीं रखी गई? एक ही घंटे में छह लोगों का घायल होना सड़क की स्थिति की गंभीरता को सामने लाता है। स्थानीय लोगों ने पीडब्ल्यूडी विभाग से तत्काल गड्ढे को भरने, सड़क की मरम्मत कराने तथा रात में वाहन चालकों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त संकेतक लगाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि विभाग की लापरवाही के कारण किसी बड़े हादसे का इंतजार नहीं किया जाना चाहिए।

खबर संक्षेप



सेजेस स्कूल में एचपीवी टीकाकरण

डौंडीलोहारा। पीएम श्री सेजेस डौंडी लोहारा में 5 अक्टूबर 2026 को स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा बालिकाओं के स्वास्थ्य संरक्षण को लेकर एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विद्यालय की 6 छात्राओं का एचपीवी टीकाकरण किया गया।स्वास्थ्य विभाग की टीम में कैलाश सिंह अहिरवार, कुंती साहू एवं श्रवण कुमार सलाम शामिल रहे। टीम ने छात्राओं को एचपीवी टीके के महत्व और स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी दी तथा टीकाकरण के बाद जरूरी परामर्श भी प्रदान किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डीआर देवहारी, एसएस जामवंते, जीएस आर्य सहित विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित रहे। प्राचार्य डीआर देवहारी ने स्वास्थ्य विभाग की पहल की सराहना करते हुए कहा कि बालिकाओं के स्वास्थ्य संरक्षण के लिए समय पर टीकाकरण और स्वास्थ्य जागरूकता महत्वपूर्ण है। टीकाकरण के बाद छात्राओं को आवश्यक निगरानी एवं परामर्श प्रदान किया गया।

आर्थिक संकट में पढ़ाई छोड़ परिवार की मदद को निकली बालिका को मिला सहारा

बालोद। जीवन में परिस्थितियां कितनी भी कठिन क्यों न हों, सही समय पर मिला सहयोग किसी के भविष्य की नई शुरुआत बन सकता है। जिले में ऐसी ही एक बालिका के जीवन में बाल कल्याण समिति की संवेदनशील पहल से उम्मीद की नई किरण दिखाई दी है। आर्थिक कठिनाइयों के कारण पढ़ाई छोड़कर परिवार की मदद करने निकली बालिका विपरीत परिस्थितियों का सामना करते हुए संकट में फंस गई थी। बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किए जाने के बाद उसके पुनर्वास और सुरक्षित भविष्य के लिए प्रयास शुरू किए गए। काउंसलिंग के दौरान सामने आया कि बालिका का परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है। उसके पिता बीमारी से पीड़ित हैं और भाई दिव्यांग है। परिवार की जिम्मेदारी मुख्य रूप से उसकी मां की मजदूरी पर निर्भर है। इन्हीं परिस्थितियों के कारण बालिका ने परिवार की आर्थिक मदद करने का प्रयास किया, लेकिन रास्ते में वह शोषण का शिकार हो गई।

बाइक सवार दूध बेचने वाले से जेवरात झपटने वाला गिरफ्तार

भिलाई। बाइक सवार दुध बेचने वाले के साथ जेवरात झपटने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि धनोरा स्थित द मार्क होटल के पास हुई सोने के लॉकेट की झपटमारी गोवर्धन चौक बीर सिंह ने शिकायत किया। जिसमें धनोरा से बाइक पर दूध बांटने निकला था। दूध वितरण के बाद वापस अपने घर जा रहा था। तभी द मार्क होटल, धनोरा के पास दो बाइक सवार रास्ते में मिले।

सागर मंथन और देवासुर संग्राम के प्रसंग ने दिया धर्म-अधर्म के संघर्ष का संदेश

श्रीमद्भागवत कथा में गजेंद्र मोक्ष और वामन अवतार का किया संगीतमय वर्णन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





ग्राम लोन्डी जिला बालोद में आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के पांचवें दिन सोमवार को कथावाचक संत निरंजन महाराज ने श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत महापुराण के विभिन्न प्रेरणादायक प्रसंगों का संगीतमय वर्णन कराया। कथा में गजेंद्र मोक्ष, सागर मंथन, देवासुर संग्राम, वामन अवतार एवं राजा बलि प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया गया।

कथा के दौरान संत निरंजन महाराज ने गजेंद्र मोक्ष की कथा सुनाते हुए बताया कि संकट की घड़ी में जब जीव पूरी श्रद्धा और विश्वास के साथ भगवान को पुकारता है, तो भगवान अपने भक्त की रक्षा के लिए अवश्य पहुंचते हैं। गजेंद्र की भक्ति और भगवान विष्णु की कृपा का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। इसके बाद सागर मंथन एवं देवासुर संग्राम का प्रसंग सुनाया गया। कथावाचक ने समुद्र मंथन से प्राप्त विभिन्न रत्नों और भगवान की लीलाओं का वर्णन करते हुए धर्म और अधर्म के बीच संघर्ष का संदेश दिया। कथा में भगवान विष्णु के वामन अवतार का प्रसंग भी विशेष रूप से सुनाया गया। राजा बलि की दानशीलता और वचन पालन का वर्णन करते हुए भगवान वामन द्वारा तीन पग भूमि मांगने की कथा सुनाई गई। इस दौरान कथा स्थल भक्ति और भगवान के जयकारों से गूंज उठा। श्रीमद्भागवत कथा में ग्राम लोन्डी सहित आसपास के गांवों से श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। आयोजन को लेकर ग्रामीणों में उत्साह का माहौल बना हुआ है। साहू परिवार द्वारा आयोजित यह ज्ञान यज्ञ 9 अक्टूबर तक चलेगा। आगामी कथा में श्रीकृष्ण जन्म एवं जन्मोत्सव, पूतना वध, बाल लीला और माखन चोरी जैसे मनोहारी प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा। आयोजनकर्ता मानिक राम, लक्ष्मी बाई साहू, टेमन लाल, माधु साहू, खीलूराम, शंकर लाल, सावन बाई, ओमप्रकाश साहू, ममता, ब्रह्मराम साहू, माधुरी बाई, लोकेश, राकेश, त्रिलोक, गजानन, धनेश, रमेश, ललिना सहित समस्त साहू परिवार ने क्षेत्रवासियों एवं श्रद्धालुओं से सपरिवार कथा में शामिल होने का आह्वान किया है।

श्रीराम कथा के समापन पर भावुक हुए पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज बोले- यह आयोजन जीवन भर रहेगा अविस्मरणीय



अंडा। सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के समापन अवसर पर छत्तीसगढ़ के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू भावुक हो गए। कथा के अंतिम दिन उन्होंने कहा कि यह आयोजन मेरे जीवन का अविस्मरणीय आयोजन है, इसे मैं कभी नहीं भूलूंगा।

सात दिनों तक ग्राम बोरीगारका (पाऊवारा) में धर्म ज्योति सनातन सेवा समिति द्वारा आयोजित श्रीराम कथा में पूर्व मंत्री साहू लगातार उपस्थित रहे और पूरी कथा बैठकर सुनी। अंतिम दिवस पर उन्होंने परम पूज्य आचार्य पं. युवराज पांडेय जी महाराज का अपने निज निवास पाऊवारा में सम्मान किया और गले मिलकर भावुक विदाई दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि महाराज जी की वाणी ने पूरे क्षेत्र को राममय कर दिया। उन्होंने कहा कि कथा के सफल आयोजन के लिए मैं आचार्य जी, समस्त संत समाज, क्षेत्र की जनता, प्रशासन, पुलिस विभाग, आयोजक समिति के सभी कार्यकर्ताओं और प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी लोगों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। आप सभी के सहयोग से ही यह दिव्य आयोजन सफल हो पाया। विदाई के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण, श्रद्धालु और आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

- आचार्य पं. युवराज पांडेय को गले लगाकर दी भावुक विदाई

बरसात के बाद बदला मौसम का मिजाज, सुबह-शाम बढ़ी ठंडक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

अच्छी बारिश के बाद अब क्षेत्र में मौसम का मिजाज तेजी से बदलता नजर आ रहा है। दिन में तेज धूप निकलने के बावजूद अब पहले जैसी गर्मी महसूस नहीं हो रही है। वहीं शाम होते ही मौसम में ठंडक घुलने लगी है।

सुबह के समय हल्की ठंड और शीत पड़ने का एहसास लोगों को होने लगा है। मौसम में आए इस बदलाव से लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की है। पिछले दिनों हुई अच्छी बारिश के बाद वातावरण में नमी बनी हुई है। इसके साथ ही अब तापमान में धीरे-धीरे गिरावट आने लगी है। सुबह सूर्योदय से पहले और शाम के बाद ठंडी हवाओं का असर महसूस किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह खेतों की ओर जाने वाले लोगों को ठंड का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर सुबह के समय घास और पेड़-पौधों पर ओस की बूंदें भी नजर आने लगी हैं। दिन में धूप तेज रहने के कारण दोपहर के समय मौसम सामान्य बना रहता है, लेकिन धूप की तपिश अब पहले की अपेक्षा कम महसूस हो रही है। शाम होते ही तापमान में गिरावट के कारण वातावरण सुहाना और ठंडा हो जाता है। मौसम के इस बदलाव के साथ लोगों की दिनचर्या में भी परिवर्तन दिखाई देने लगा है।

किसानों के लिए भी मौसम का यह परिवर्तन महत्वपूर्ण माना जा रहा है। बारिश के बाद खेतों में नमी बनी हुई है और खरीफ फसलों की कटाई को लेकर किसानों में गतिविधियां बढ़ने लगी हैं। आने वाले दिनों में ठंड का असर और बढ़ने की संभावना के बीच लोगों ने बदलते मौसम को सर्दी की दस्तक के रूप में महसूस करना शुरू कर दिया है।

टटेंगा स्कूल में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा, 41 विद्यार्थी हुए शामिल



डौंडीलोहारा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में अखिल भारतीय गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया। प्राचार्य टीएल देवांगन के मार्गदर्शन में आयोजित परीक्षा में विद्यालय के 41 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। परीक्षा प्रभारी एवं व्याख्याता हर्षा देवांगन ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी विद्यालय में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों, संस्कारों एवं परंपराओं के प्रति सम्मान और गौरव की भावना विकसित करना है। परीक्षा के दौरान रवि देवांगन, सहायक शिक्षक विज्ञान तथा चंद्रमणि वासनिक, व्याख्याता ने पर्यवेक्षक के रूप में अपनी सेवाएं दीं। इस अवसर पर रेशमी साहू, चंद्रा देवनाथ, पवन सिन्हा, हेपशिबा एन्थोनी, अजय पाठक, रीना बोरकर, भागवत साहू, वेद साहू, महेश रावटे, नीलिमा निर्मलकर, चंद्र प्रकाश सोनबोइर, अनुराधा खरे, सुरेंद्र नेताम एवं कुंदन यादव उपस्थित रहे।

आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम में विभिन्न स्पर्धा के साथ कार्यकर्ताओं का हुआ सम्मान

जामगांव आर। ग्राम पंचायत कुम्हली में आंगनबाड़ी मिलन सेवा सामयिक सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में



- कुर्सी दौड़, रंगोली व मोमबत्ती प्रतियोगिता के साथ गोदभराई और अन्नप्राशन

कुर्सी दौड़, रंगोली प्रतियोगिता, मोमबत्ती प्रतियोगिता, गोदभराई, अन्नप्राशन तथा स्वस्थ शिशु प्रतियोगिता सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं मितानिनों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं प्रमुख वक्ता उपाध्यक्ष भाजपा महिला मंडल मोखली सरिता साहू रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्ष सरपंच ग्राम पंचायत कुन्हली ाता टिकेश्वरी ठाकुर ने की। विशेष अतिथि मोगन सपहा मंत्री भाजपा मंडल तथा विजय कुमार साहू उपसरपंच कुम्हली मंचासीन रहे। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भुनेश्वरी साहू, जमुनादेवी चंद्राकर, शशि चंद्राकर, नेमेश्वरी मारकुंडे सहित ग्राम पंचायत सचिव अरुण निर्मलकर एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका एवं महिलाएं उपस्थित रहीं। इस अवसर पर शकुन महिपाल, कल्याणी साहू, पुष्पा यादव, पद्मा साहू, गीता चंद्राकर, शिला चंद्राकर, केवरा वर्मा, गीतांजली चंद्राकर, राधिका चंद्राकर, मीना चंद्राकर, संतोषी साहू, सरोजनी यादव, तारणी साहू, लता वर्मा, उषा साहू, होमिन साहू, गंगा साहू, उत्तरा साहू, रमशीला साहू, धनेश्वरी साहू, रिंकु गुप्ता, गुंजा साहू, धनेश्वर साहू, कामनी साहू, थानेश्वरी साहू, सोनिया साहू, भावना साहू, नवनीता साहू, माधुरी सिन्हा, संगीता साहू, सीमा यादव, पद्मणी महिपाल, पूजा यादव, खुशबू साहू, गुंजा साहू, आरती सुपहा, नंदनी साहू, रमेश्वरी सुपहा, धनंजय सुपहा, नागेंद्र सुपहा, सोहन ठाकुर, तिहारू महिपाल, मेहत्तर यादव एवं खिलावन साहू सहित अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से महिला एवं बाल विकास वी, पोषण, स्वास्थ्य तथा आंगनबाड़ी सेवाओं के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

संजारी में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का सफल आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संजारी में सत्र 2026-27 के अंतर्गत भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। परीक्षा में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

परीक्षा के केंद्राध्यक्ष एवं विद्यालय के प्राचार्य गुलाब चंद नायक तथा परीक्षा प्रभारी शिवेन्द्र बहादुर साहू, व्याख्याता थे। परीक्षा को सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराने में पर्यवेक्षक के रूप में रीमा सोरी, पद्मा कोठारी, उर्मिला नायक, नंदिनी जोशी, धर्मिता देहारी एवं लालिमा रात्रे ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर प्राचार्य गुलाब चंद नायक ने कहा कि भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा विद्यार्थियों को देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, प्राचीन परंपराओं और नैतिक मूल्यों से परिचित कराने का महत्वपूर्ण माध्यम है। इससे विद्यार्थियों में अपनी संस्कृति के प्रति सम्मान और गौरव की भावना विकसित होती है। परीक्षा प्रभारी शिवेन्द्र बहादुर साहू ने कहा कि भारतीय संस्कृति केवल हमारी ऐतिहासिक पहचान नहीं, बल्कि हमारे जीवन-मूल्यों, संस्कारों और आदर्शों का आधार है। ऐसी परीक्षाएं विद्यार्थियों में सांस्कृतिक चेतना, बौद्धिक जिज्ञासा और भारतीय ज्ञान परंपरा के प्रति रुचि विकसित करती हैं। वहीं रीमा सोरी ने कहा कि आधुनिक शिक्षा के साथ विद्यार्थियों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ना भी आवश्यक है। भारतीय संस्कृति का ज्ञान उनमें नैतिकता, अनुशासन, सहिष्णुता और मानवीय संवेदनाओं का विकास करता है। विद्यालय परिवार ने परीक्षा के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

एक ही जगह मिली 9 विभागों की सेवाएं

सेवा संकल्प अभियान शिविर में 44 आवेदन मिले, 38 का मौके पर निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



सेवा संकल्प एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा के सभाकक्ष में सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार आयोजित इस शिविर में विभिन्न विभागों की शासकीय सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई गईं। इससे नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान और आवश्यक दस्तावेज प्राप्त करने के लिए अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत मिली।

9 विभागों ने दी सेवाएं, 44 आवेदन प्राप्त: शिविर में कुल 9 विभागों ने सहभागिता की। समाज कल्याण विभाग से 36, विद्युत विभाग से 5, श्रम विभाग से 2 तथा राजस्व विभाग से 1 आवेदन प्राप्त हुआ। इस प्रकार शिविर में कुल 44 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 38 आवेदनों का मौके पर ही त्वरित निराकरण किया गया। शेष 6 लंबित आवेदनों को संबंधित विभागों द्वारा शीघ्र निराकृत किया जाएगा।

मौके पर ही मिले जरूरी प्रमाण-पत्र

सेवा सेतु शिविर में नागरिकों को आवश्यक प्रमाण-पत्र भी तत्काल प्रदान किए गए। इस दौरान 34 जन्म प्रमाण-पत्र, 2 विवाह प्रमाण-पत्र तथा 2 संगठित कर्मकार नवीनीकरण प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। मौके पर ही दस्तावेज मिलने से नागरिकों में राहत और संतोष देखने को मिला।

एक छत के नीचे मिली सरकारी सेवाएं

शिविर का उद्देश्य नागरिकों को शासकीय सेवाओं का लाभ सरल, सहज और त्वरित रूप से उपलब्ध कराना रहा। विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों की मौजूदगी से लोगों को अपनी समस्याओं और आवश्यकताओं के संबंध में सीधे संबंधित विभाग से संपर्क करने का अवसर मिला। इससे समय की बचत के साथ ही सरकारी सेवाओं तक आम नागरिकों की पहुंच आसान हुई।

जनप्रतिनिधियों और नागरिकों की रही उपस्थिति

शिविर में नगर पालिका अध्यक्ष तोरन लाल साहू, उपाध्यक्ष मनोज दुबे, पीआईसी सदस्य एवं पार्षद विशाल मोटवानी, अरुणा रामटेके, संजीव सिंह, भूपेंद्र श्रीवास, सुरेश जायसवाल सहित निकाय के अधिकारी-कर्मचारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। सेवा सेतु शिविर के माध्यम से जिला प्रशासन और नगर पालिका द्वारा नागरिकों को सरकारी सेवाओं का लाभ उनके नजदीक उपलब्ध कराने की पहल की जा रही है। शिविर में प्राप्त आवेदनों के त्वरित निराकरण से प्रशासन की सेवा-प्रदाय व्यवस्था को धरातल पर प्रभावी बनाने का प्रयास भी दिखाई दिया।











विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप



बोहारा में संगी जहुरिया युवा रामधुनी समिति ने कराया रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन

गुरूर। संगी जहुरिया युवा रामधुनी समिति बोहारा द्वारा रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम बोहारा में किया गया। कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथ उपाध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तोमन लाल साहू थी। अध्यक्षता अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर सुनीता संजय साहू ने किया। विशिष्ट अतिथि सभापति जिला पंचायत बालोद लक्ष्मी अशोक साहू, अध्यक्ष भाजपा मंडल सनौद खेमलाला देवांगन, सदस्य जनपद पंचायत गुरूर अशीश साहू, सदस्य जनपद पंचायत गुरूर झालेन्द्र साहू, सभापति जनपद पंचायत गुरूर नरेश मदन साहू, पूर्व सदस्य जनपद पंचायसत गुरूर चांदनी भोजराम देवांगन, सरपंच ग्राम पंचायत डोटोपार चन्द्रकला एकनारायण कलिहारी, सरपंच ग्राम पंचायत ओझागहन, सरपंच ग्राम पंचायत बोहारा रेणुका लखन देवदास, उपसरपंच ग्राम पंचायत बोहारा दुलारी छबिलाल सार्वा, संरक्षक ग्राम पंचायत साहू समाज बोहारा देवसिंह साहू, सेवा निवृत्त प्राचार्य बोहारा सेवाराम तेजस्वी, ग्रामीण अध्यक्ष बोहारा ओमेश्वर साहू, चन्द्रहास साहू, दुष्यंत तेजस्वी उपस्थित थे।

जोरातराई में अखंड श्रीराम नाम सम्मेलन का आयोजन कल से

बालोद/कलंगपुर। ग्राम जोरातराई में अखंड श्रीराम नाम सम्मेलन का आयोजन 6 से 8 अक्टूबर तक किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ एवं दीप प्रज्वलित देव स्थापना 6 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे ग्रामीण विशिष्टजनों के सानिध्य में सम्पन्न होगा और रात्रि 8 बजे से जय मां शीतला जस झांकी एवं रामधुनी मंडली बुल्लूटोला की प्रस्तुति होगी। द्वितीय दिवस एवं तृतीय दिवस सुबह 11 बजे से देर रात तक अंचल के ख्याति प्राप्त रामधुनी मंडलियों की प्रस्तुति उक्त मंच में होगी, उक्त आयोजन का समापन हवन विसर्जन पूर्णाहुति व शोभायात्र 9 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे। साथ ही इस अवसर पर यादव भाईयों द्वारा दही लूट का कार्यक्रम किया जायेगा। उक्त जानकारी बृजलाल साहू सरपंच ग्राम पंचायत जोरातराई ने दी।

बालोद में कल निकलेगी सेवा ज्योति कलश यात्रा

बालोद। बालोद में सेवा ज्योति कलश यात्रा को लेकर तैयारियां तेजी से शुरू हो रही है, सेवा संकल्प अभियान के तहत 7 अक्टूबर को यात्रा आयोजित होगी। सेवा संकल्प अभियान जन सेवा ही प्रभु सेवा के तहत जिले में सेवा ज्योति कलश यात्र का आयोजन किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाली इस यात्र में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और नागरिकों की सहभागिता रहेगी। बालोद जिले के लिए जारी कार्यक्रम सूची के अनुसार राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा, पूर्व सांसद सरोज पांडेय तथा छगढ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर सेवा ज्योति कलश यात्र कार्यक्रम में अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रमों के लिए आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। यात्र के दौरान जिले में सेवा, जनभागीदारी और सामाजिक सरोकार से जुड़े संदेश को जन–जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। सेवा संकल्प अभियान का आयोजन 17 सितंबर से 18 अक्टूबर तक किया जा रहा है। सेवा ज्योति कलश यात्रा भी इसी अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा है। कार्यक्रम में जिले के नागरिकों से सक्रिय सहभागिता की अपील की गई है।

जैन भवन चौक से गूंजा जागरूकता का संदेश, बाइक रैली ने जगाया यातायात सुरक्षा का अलख

दल्लीराजहरा में यातायात, साइबर सुरक्षा, हेलमेट वितरण और नशामुक्ति को लेकर वृहद जन-जागरूकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा/बालोद

शहर के हृदय स्थल जैन भवन चौक पर रविवार को यातायात सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव और नशामुक्ति को लेकर बालोद पुलिस ने वृहद जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में बाइक रैली, रक्तदान एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, लर्निंग लाइसेंस शिविर, साइबर एवं यातायात जागरूकता अभियान, हेलमेट वितरण सहित रंगोली-पेंटिंग और हस्ताक्षर अभियान जैसी गतिविधियों के माध्यम से आमजन को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में पुलिस के साथ युवा, विद्यार्थी, नागरिक और छत्तीसगढ़ के कलाकार भी शामिल हुए।

बाइक रैली से दिया सुरक्षित यातायात का संदेशः कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण बाइक रैली रही। पुलिस अधीक्षक किरण गंगाराम चव्हाण ने बाइक रैली को रवाना किया। रैली में पुलिस अधिकारियों, जवानों, युवाओं और आम नागरिकों ने हिस्सा लिया। रैली के माध्यम से हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट का उपयोग करने, शराब पीकर वाहन नहीं चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग नहीं करने और यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में शामिल छत्तीसगढ़ के कलाकारों ने भी आमजन से साइबर अपराधों के प्रति सतर्क रहने, नशे से दूर रहने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की।

रक्तदान से दिया मानवता का संदेशः कार्यक्रम स्थल पर आयोजित रक्तदान शिविर में 7 नागरिकों और 8 पुलिसकर्मियों सहित कुल 15 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। वहीं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में 100 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराई। रक्तदाताओं ने जरूरतमंद मरीजों के जीवन की रक्षा के उद्देश्य से रक्तदान कर सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश की।

70 लोगों ने बनवाया लर्निंग लाइसेंसः आमजन की सुविधा और वाहन चलाने के लिए वैध दस्तावेज रखने के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से लर्निंग लाइसेंस शिविर लगाया गया। शिविर में 70 लोगों ने लर्निंग लाइसेंस बनवाया। इस दौरान नागरिकों को लाइसेंस प्राप्त करने की प्रक्रिया और यातायात नियमों की जानकारी भी दी गई।

साइबर ठगी से बचने बताए जरूरी उपायः साइबर जागरूकता शिविर में पुलिस ने नागरिकों को ऑनलाइन ठगी के बढ़ते मामलों को लेकर सतर्क किया। ओ टी पी, पासवर्ड और बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा नहीं करने, अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करने तथा फर्जी कॉल और संदेशों से सावधान रहने की समझाइश दी गई। साइबर ठगी होने की स्थिति में तत्काल 1930 पर शिकायत करने और समय रहते पुलिस को सूचना देने की अपील की गई।





हेलमेट और यातायात नियमों को लेकर किया जागरूकः यातायात जागरूकता अभियान के दौरान हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, शराब पीकर वाहन नहीं चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग नहीं करने और निर्धारित गति सीमा का पालन करने की समझाइश दी गई। नाबालिग बच्चों को वाहन चलाने की अनुमति नहीं देने की अपील भी की गई। कार्यक्रम के दौरान आमजन और वाहन चालकों को हेलमेट वितरित किए गए। पुलिस ने कहा कि हेलमेट केवल चालानी कार्रवाई से बचने के लिए नहीं, बल्कि सड़क दुर्घटना की स्थिति में जीवन की सुरक्षा के लिए जरूरी है।

रंगोली और पेंटिंग के जरिए विद्यार्थियों ने दिया संदेश

स्कूली विद्यार्थियों ने साइबर सुरक्षा, यातायात नियम और नशामुक्ति जैसे विषयों पर आकर्षक रंगोली और पेंटिंग तैयार कर लोगों का ध्यान आकर्षित किया। विद्यार्थियों की रचनात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से आमजन को सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम स्थल पर बनाए गए जागरूकता सेल्फी जोन में युवाओं और नागरिकों ने उत्साह के साथ सहभागिता की। वहीं जागरूकता शपथ प्लेट पर हस्ताक्षर कर नागरिकों, युवाओं और विद्यार्थियों ने यातायात नियमों का पालन करने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने और नशे से दूर रहने का संकल्प लिया।

एसपी ने कहा-सतर्कता ही साइबर अपराध से बचाव का सबसे बड़ा हथियार

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक किरण गंगाराम चव्हाण ने कहा कि साइबर अपराध के बढ़ते स्वरूप को देखते हुए प्रत्येक नागरिक का जागरूक और सतर्क रहना जरूरी है। उन्होंने पासवर्ड और बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी किसी से साझा नहीं करने तथा अनजान लिंक और संदिग्ध कॉल से सावधान रहने की अपील की। यातायात सुरक्षा को लेकर उन्होंने कहा कि शराब पीकर वाहन चलाना स्वयं के साथ-साथ दूसरे लोगों के जीवन को भी खतरे में डालता है। उन्होंने हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने तथा नाबालिगों को वाहन चलाने की अनुमति नहीं देने की अपील की। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की बात भी कही। बालोद पुलिस ने आमजन से साइबर अपराध, नशे और सड़क दुर्घटनाओं के खिलाफ जागरूकता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। पुलिस ने कहा कि परिवार, समाज और पुलिस के सामूहिक प्रयास से ही सुरक्षित, नशामुक्त, साइबर जागरूक और यातायात अनुशासित समाज का निर्माण संभव है।

किकिरमेटा में त्रिदिवसीय अखंड रामधुनी सम्मेलन का समापन





जामगांव आर। ग्राम किकिरमेटा में त्रिदिवसीय अखंड रामधुनी सम्मलेन के समापन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे सभापति जिला पंचायत दुर्ग कल्पना नारद साहू, सरपंच किकिरमेटा शुक्लाडीह देवकी जेठूराम निषाद, सरपंच बेल्हारी अमित अग्रवाल, निज सहायक विधायक संजारी बालोद देवप्रकाश साहू, संजू साहू, कमलेश यादव मंचासिन थे। सभापति जिला पंचायत दुर्ग कल्पना नारद साहू ने कहा कि भगवान श्री राम के जीवन प्रेरणास्त्रोत है, उन्होंने श्री रामचंद्र जी के विचारों आदर्श मर्यादा सत्य और कर्तव्यनिष्ठा पर प्रकाश डालते हुए कहा की मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र जीवन समाज को सही दिशा दिखाने में कार्य करती है। इस अवसर पर जागेश्वर साहू, कांशीराम साहू, मनीष सिन्हा, शेषनारायण सिन्हा, टिकेश्वर साहू, नवीन साहू, कुलदीप, संदीप, अनिल, शिवप्रसाद सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

बच्चों के चेहरों पर मुस्कान, हमर सुघ्घर पंडर सेवा समिति ने बांटे जूते-मोजे और शिक्षण सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा नगर में सेवा और सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश करते हुए हमर सुघ्घर पंडर दल्ली सेवा समिति द्वारा श्री गुरु नानक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला के विद्यार्थियों को निःशुल्क जूते-मोजे, कापी, पेन एवं पठन-पाठन सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हमर सुघ्घर पंडर दल्ली सेवा समिति के अध्यक्ष जीवन साहू रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की संस्था प्रभारी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में बाचित्तर सिंह संधू एवं मिलाप कुर्रे उपस्थित रहे। 1 अक्टूबर 2026 को विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान लगभग 50 छात्र-छात्राओं को जूते-मोजे तथा 130 विद्यार्थियों को कापी एवं पेन का निःशुल्क वितरण किया गया। सामग्री पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी दिखाई दी। समिति के सदस्यों ने विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुए नियमित रूप से पढ़ाई करने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। हमर सुघ्घर पंडर दल्ली सेवा समिति द्वारा पिछले छह वर्षों से अधिक समय से लगातार सामाजिक एवं जनकल्याणकारी गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष दल्लीराजहरा सहित डौण्डी विकासखंड के चिन्हित ग्राम पंचायतों एवं वनांचल क्षेत्रों के शासकीय स्कूलों तथा निजी शिक्षण संस्थानों में जरूरतमंद विद्यार्थियों को जूते-मोजे, कापी-पेन सहित पठन-पाठन सामग्री उपलब्ध कराई जाती है। समिति का सेवा कार्य केवल शिक्षा तक सीमित नहीं है। असहाय, बेसहारा एवं निराश्रित लोगों के लिए आवास निर्माण, वृद्धजनों को ठंड के मौसम में कंबल वितरण तथा आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को आर्थिक सहयोग जैसे कार्य भी किए जाते रहे हैं। समिति के अध्यक्ष जीवन साहू ने कहा कि आगामी दिनों में दल्लीराजहरा एवं आसपास के ग्रामीण अंचलों में गंभीर एवं लंबी बीमारी से जूझ रहे असहाय लोगों की जरूरत के अनुसार मेडिकल सामग्री उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जाएगा। इसके तहत व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र, छड़ी, वॉकर सहित अन्य आवश्यक चिकित्सा उपकरण तथा जरूरत के अनुसार आर्थिक सहयोग उपलब्ध कराने पर समिति विचार कर रही है।

- दल्ली राजहरा में 50 बच्चों को जूते-मोजे और 130 विद्यार्थियों को कापी-पेन का नि:शुल्क वितरण



ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में अध्यक्ष जीवन साहू, बाचित्तर सिंह संधू, मिलाप कुर्रे, रोहित कुमार साहू, शिव कुमार साहू, भूषण कुमार निर्मलकर एवं के. नारायण सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

बासीन सेवा सेतु शिविर के 120 आवेदनों में 27 का मौके पर निराकरण

गुरूर। सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत सेवा सेतु शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत बासीन में किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन एवं जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में छग शासन द्वारा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में विकासखंड गुरूर के ग्राम पंचायत बासीन में सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया गया।

जिसमें नागरिकों द्वारा आवेदन प्राप्त किये बासीन कलस्टर में 23 सितंबर से 27 सितंबर तक कलस्टर अंतर्गत आने वाले संबंधित पंचायतों से आवेदन प्राप्त किये गए, जिसमें कुल 11 आवेदन प्राप्त हुए आज के शिविर में कुल 109 आवेदन प्राप्त हुए। बासीन कलस्टर अंतर्गत कुल 120 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 27 आवेदनों का शत प्रतिशत निराकरण किया जा चुका है एवं शेष 93 आवेदन का निराकरण समय सीमा में जल्द ही कर लिया जावेगा। विभिन्न योजनओं से संबंधित हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया गया जिसमें से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 03 हितग्रहियों को गोद भराई एवं 06 हितग्राही को अन्न प्रासन कराया गया, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा 02 हितग्राही को आयुष्मान कार्ड एवं 01 हितग्राही को निक्षय पोषण किट वितरण किया गया तथा ग्राम पंचायत क्षेत्रें में अधिरोपित कर वसूली के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम पंचायत भोथली को उत्कृष्ट पंचायत प्रमाण पत्र प्रदाय किया, प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत 05 हितग्राहियों को आवास पूर्णता प्रमाण पत्र प्रदाय किया, एवं कृषि विभाग द्वारा 04 हितग्राहियों को किसान सम्मान निधि से सम्मानित किया गया एवं 03 हितग्राहियों को स्प्रेयर प्रदाय किया गया तथा राजस्व विभाग द्वारा 35 हितग्राहियों को किसान किताब वितरण एवं स्वामित्व योजना अंतर्गत अधिकार अभिलेख (आबादी पट्टा) 783 हितग्राहियों को एव बी. 1 खसरा 30 हितग्राहियों को प्रदाय किया गया।



सेवा सेतु शिविर कार्यक्रम में लक्ष्मी अशोक साहू, चद्रिरका गंजीर, सदस्य जिला पंचायत बालोद तेजराम साहू, अध्यक्ष सुनीता संजय साहू, जनपद पंचायत गुरूर उपाध्यक्ष दुर्गानन्द साहू, मंडल अध्यक्ष सनौद खेमलाल देवांगन, मंडल अध्यक्ष पुरूर टुकेश्वर पाण्डेय, संध्या साहू, आशीष साहू, डॉ. हरिकृष्ण गंजीर, नरेश साहू, गुलाब सिन्हा सदस्य जनपद पंचायत गुरूर एवं पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर तोषण साहू तथा जनपद पंचायत गुरूर के अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी एनके. बागड़े, नायब तहसीलदार गुरूर रमेश कुमार मंडावी एवं संबंधित कलस्टर में आने 20 ग्राम पंचायतों के सरपंचगण के साथ साथ विकासखण्ड स्तर के अन्य विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। विकसित भारत–जी रामजी के अधिकारी–कर्मचारी, ग्राम रोजगार सहायक, पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्वास्थ्य विभाग की मितानिन, स्वच्छ भारत मिशन की स्वच्छता दीदी, बिहान योजना से जुड़ी स्व–सहायता समूह की दीदियां, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे है एवं इस शिविर में स्थानीय स्कूली बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।

कृषि विज्ञान केंद्र ने चलाया 15 दिनी स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

स्वच्छता में सहभागिता, स्वच्छ भारत विकसित भारत की थीम के साथ कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा जिले में किया गया साथ ही इस पखवाड़ा का समापन कार्यक्रम में 2 अक्टूबर को स्वच्छ भारत दिवस के रूप में मनाते हुए किया गया।

- 300 से अधिक किसान व महिला कृषक, जनप्रतिनिधि और कृषि विज्ञान केंद्र के कर्मचारियों ने लिया हिस्सा

केन्द्र द्वारा आयोजित 15 दिवसीय इस कार्यक्रम में विभिन्न ग्रामों में लगभग 300 कृषकों एवं महिला कृषकों 5 से ज्यादा जनप्रतिनिधिगण हरिश साहू, पुर्व सदस्य जनपद पंचायत, ओमप्रकाश भूआर्य सरपंच अरौद आदि 15 से ज्यादा कृषि विज्ञान केन्द्र के स्टॉफ एवं 40 से ज्यादा अन्य व्यक्तियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ कृषि विज्ञान केन्द्र के अरौद फार्म के साफ–सफाई से किया गया तत्पश्चात अन्य ग्रामों जैसे–प्राथमिक शाला अरौद, पैरी, निपानी, इरागुडा, लाटाबोड़, बघमरा आदि ग्रामों में साफ–सफाई करने एवं साफ–सफाई का महत्व कृषकों को बताया गया। निवास स्थल, सार्वजनिक स्थानों के अलावा खेतों में भी साफ–सफाई के महत्व बताया गया। कार्यक्रम का समापन लाटाबोड़ ग्राम में स्वच्छ भारत दिवस मनाकर किया गया। सम्पूर्ण कार्यक्रम कृषि विज्ञान केन्द्र, के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. केआर. साहू के निर्देशन में केन्द्र के अधिकारी एवं कर्मचारीयों द्वारा सम्पन्न कराया गया।



कार्यक्रम में केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. बलदेव अग्रवाल, डॉ एआर. गौर, सचिन वर्मा, इंजी. गितेश सिन्हा, डॉ. भिमेश्वरी साहू, डॉ. दीपशिखा मनु चंद्राकर, केके. लहरे, विनोद पैकरा, मोरध्वज सिन्हा, थानेश्वर कुमार साहू, विकास कुमार साहू उपस्थित थे।

दुर्ग रेलवे स्टेशन में टिकट चेकिंग, 246 पर कार्रवाई

भिलाई। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल ने दुर्ग रेलवे स्टेशन पर किलाबंदी टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। स्टेशन के सभी प्लेटफार्म, 12 ट्रेनों में किलाबंदी टिकट चेकिंग में कुल 246 मामलों को दर्ज कर 1.59 लाख 870 रुपए में का राजस्व मिला। चेकिंग में बिना टिकट यात्रा करने वाले 150 यात्री पकड़े गए। जिससे 1.26 लाख 125 राजस्व मिला। अनियमित टिकट लेकर यात्रा करने वाले 39 यात्रियों से 25 हजार 745 रूपये राजस्व मिला हुआ। अधिक लगेज लेकर यात्रा करने वाले 55 यात्रियों से 6 हजार, परिसर में कचरा फैलाने वाले से 2 हजार रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ।

नया बाजार राजहरा में एफएलएन प्रशिक्षण सह बैठक आयोजित

रिमेडियल कक्षाओं, बेसलाइन आंकलन और हिंदी-गणित शिक्षण को प्रभावी बनाने पर हुआ मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

संकुल नया बाजार राजहरा में जोन स्तरीय एफएलएन प्रशिक्षण सह बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संकुल बिटाल, कोंडेकसा, चिखलाकसा, पुराना बाजार एवं नया बाजार राजहरा के अंतर्गत आने वाली 21 संस्थाओं के 24 शिक्षक, मास्टर ट्रेनर तथा संबंधित संकुलों के कक्षा पहली, दूसरी एवं तीसरी के शिक्षक उपस्थित रहे।

बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रारंभिक स्तर पर बच्चों की शैक्षणिक नींव को मजबूत करने के साथ एफएलएन गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करना रहा। इस दौरान शिक्षकों को रिमेडियल कक्षाओं के संचालन, बच्चों के सीखने के स्तर की पहचान तथा कमजोर शैक्षणिक बिंदुओं पर विशेष कार्य करने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। बैठक में रिमेडियल कक्षा संचालन के उन्मुखीकरण, बेसलाइन आकलन की प्रक्रिया, रिमेडियल 'संभव किताब' पर कार्य करने के तरीकों तथा शिक्षक निर्देशिका के माध्यम से रिमेडियल कार्ययोजना तैयार करने सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके अलावा हिंदी एवं गणित विषय के शिक्षण को अधिक प्रभावी बनाने को लेकर अकादमिक चर्चा भी हुई। एफएलएन जिला रिसोर्स समूह के रूप में लालमनी साहू तथा एफएलएन ब्लॉक रिसोर्स ग्रुप के रूप में सदाराम भुआर्य ने शिक्षकों को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। वहीं संकुल समन्वयक नया बाजार राजहरा राजमल जैन की उपस्थिति में बैठक का संचालन किया गया। बैठक में शिक्षकों ने रिमेडियल कार्य को कक्षा स्तर पर प्रभावी तरीके से लागू करने, बच्चों के सीखने के स्तर के अनुसार शिक्षण गतिविधियां संचालित करने तथा हिंदी एवं गणित में आधारभूत दक्षताओं को मजबूत करने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया। एफएलएन के तहत आयोजित यह प्रशिक्षण सह बैठक प्राथमिक कक्षाओं में बच्चों के बुनियादी भाषा एवं गणितीय कौशल को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल के रूप में सामने आई।







